Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7625	06.08.2023	07.08.2023	Sirmaur Himachal Pradesh	www.zeenews.india.com/Hindi https://zeenews.india.com/hindi/zeephh/himachal-pradesh/dengue-case-increase-in-sirmaur-mosquitoes-dengue-treatment-in-india-dengue-prevention-in-hindi/1812762
Title:	**Dengue patients are increasing rapidly in Sirmaur, Himachal Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Sirmaur, SSU- Himachal Pradesh			

जिला सिरमौर में डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र में जहां डेंगू टेस्ट किटें उपलब्ध करवाई हैं, वहीं पर्याप्त मात्रा में स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयां सप्लाई कर दी हैं. इसके साथ-साथ गांव में लोगों को डेंगू के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है.

मीडिया को जानकारी देते हुए जिला के सीएमओ डॉ. अजय पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक करने के मकसद से विशेष अभियान चलाया है. आशा कार्यकर्ता व स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के बारे में जागरूक कर रहे हैं. जिला में अगर डेंगू के मामले बढ़ते हैं तो स्वास्थ्य विभाग इसके लिए पूरी तरह तैयार है. उन्होंने कहा कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू टेस्ट किट्स के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में दवाइयां भी स्टोर की गई हैं. उन्होंने बताया कि नगर परिषद समेत पंचायतों को अपने-अपने क्षेत्रों में फॉगिंग करने के भी आदेश जारी किए गए हैं.

लोगों को पूरी बाजू के कपड़े पहनने की दी गई सलाह

उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग को भी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को डेंगू के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया गया है. लोगों को चाहिए कि वो घर के आसपास पानी को इकट्ठा न होने दें और

अपने आसपास सफाई रखें. इसके साथ ही बताया कि सुबह-शाम डेंगू का मच्छर ज्यादा सक्रिय होता है. ऐसे में इस समय लोगों को पूरी बाजू के कपड़े पहनने चाहिए.

ये हैं डेंगू के लक्षण

अगर डेंगू के लक्षणों की बात की जाए तो इसमें तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर पर दाने, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होता है. डेंगू के बुखार में शरीर पर वाइट ब्लड सेल्स और प्लेटलेट काउंट कम हो जाता है. बता दें, एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर का प्लेटलेट्स काउंट आम तौर पर 1.5 से 4 लाख के बीच होता है और जब डेंगू बुखार होता है तो यह संख्या कम होने लगती है. कई बार प्लेटलेट रेट 20,000 से 40,000 तक पहुंच जाता है.